प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा और पीएनबी के प्रमुखों ने हरित ऊर्जा के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने के बारे में चर्चा की

नई दिल्ली, 24 सितंबर 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने आज पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के एमडी एवं सीईओ, श्री अतुल कुमार गोयल से मुलाकात की और अक्षय ऊर्जा के वित्तपोषण के बारे में अपनी साझेदारी बढ़ाने पर चर्चा की। इरेडा और पीएनबी ने पहले ही अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए संयुक्त रूप से ऋण प्रदान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस बैठक के दौरान, दोनों प्रमुखों ने इस विषय पर जोर दिया कि उनके संगठनों को अक्षय ऊर्जा क्षेत्र के लिए बढ़ती वित्तपोषण के आवश्यकताओं को पूरी करने के लिए और अधिक भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने महत्वाकांक्षी अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के भारत सरकार के विजन के अनुरूप इस साझेदारी को और अधिक मजबूत करने की रणनीतियों के बारे में चर्चा की। इस चर्चाओं में पीएनबी द्वारा इरेडा को कम दर पर ऋण प्रदान करने के साथ-साथ बड़े पैमाने पर अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए इरेडा के साथ संयुक्त रूप से ऋण प्रदान करना भी शामिल था, जिससे इस क्षेत्र के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी वित्तपोषण सुनिश्चित हो सके।

इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि, "भारत में अक्षय ऊर्जा क्षेत्र अभूतपूर्व दर से विस्तार कर रही है और वित्तपोषण की मांग तेजी से बढ़ रही है। पीएनबी के साथ हमारा सहयोग यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम देश के हरित ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे सकें। हमारा लक्ष्य साथ मिलकर सरकार के विजन का समर्थन करना है और भारत को अपने अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सहयोग करना है।"